सत्यमेव जयते

# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## षोडश सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-5

शुक्रवार, तिथि 27 चैत्र, 1937 (श०) / 17 अप्रील, 2015 (ई०)

**प्रश्नों की कुल संख्या 84**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) ऊर्जा विभाग | .. | .. | 31 |
| (2) स्वास्थ्य विभाग | .. | .. | 42 |
| (3) पर्यटन विभाग | .. | .. | 03 |
| (4) योजना एवं विकास विभाग | .. | .. | 04 |
| (5) आपदा प्रबंधन विभाग | .. | .. | 03 |
| (6) विधि विभाग | .. | .. | 01 |
| | | कुल योग — | 84 |

रिक्त पद भरना

''क''-*1345. श्री मनीष कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य के सभी सरकारी मेडिकल कॉलेज-सह-अस्पतालों में दंत चिकित्सकों के सभी पद पिछले दो वर्षों से रिक्त है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इन रिक्त पदों को भरने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जीर्णोद्धार करना

''ख''-*1356. श्री गोपालजी ठाकुर--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बेनीपुर प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य उप-केन्द्र, हरिपुर के भवन की स्थिति अत्यन्त जर्जर रहने के कारण लोगों को चिकित्सा सुविधा नहीं मिल रहा है, यदि हाँ, तो उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य उप-केन्द्र के भवन का जीर्णोद्धार कबतक सरकार कराने का विचार रखती है ?

--------

ट्रांसफॉर्मर लगाना

*1633. श्री राजेश्वर राज--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्त्ता सदस्य द्वारा मुख्य मंत्री क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत रोहतास जिला के बिक्रमगंज प्रखंड के ग्राम-मोरौना, बिसैनियावखाल, इसरपुरा, हिडरा, बहुआरा, मठिया तथा संझौली प्रखंड के उदयपुर में ट्रांसफॉर्मर स्थापित करने हेतु आठ माह पूर्व अनुशंसा करने के बावजूद अबतक उक्त ट्रांसफॉर्मर नहीं लगाये गये हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि बिक्रमगंज प्रखंड अन्तर्गत ग्राम-जोन्ही में अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मर स्थापित करने हेतु एक वर्ष पूर्व स्वीकृति मिलने के बावजूद इसे अबतक लगाया नहीं गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (1) एवं (2) में वर्णित ग्रामों में ट्रांसफॉर्मर लगाना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

--------

चालू कराना

*1634. श्री जनक सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के इसुआपुर प्रखंड के ग्राम-टेढ़ा पिपरहीया, गलिमापुर, सहवा, जैथर एवं शायकीढ़ीया तथा पानापुर प्रखंड के सतजोड़ा एवं रामपुरुद्र और तरैया प्रखंड के पचरौड़, डेवढ़ी एवं मोलनापुर में उप-स्वास्थ्य केन्द्र का भवन बनकर तैयार हो जाने के बावजूद अभीतक चालू नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो कबतक, सरकार इसे चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--''क''-दिनांक 10 अप्रील, 2015 को सदन द्वारा स्थगित ।

''ख''-दिनांक 10 अप्रील, 2015 को सदन द्वारा स्थगित ।

उत्क्रमित करना

*1635. श्री रामचन्द्र सदा--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला अन्तर्गत खगड़िया प्रखंड के रानी शकरपुरा गाँव में पूर्व से अतिरिक्त उप-स्वास्थ्य केन्द्र अवस्थित है जो वहाँ के मरीजों की संख्या के अनुपात में पर्याप्त नहीं हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त उप-स्वास्थ्य केन्द्र को उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्युतीकृत करना

*1636. श्रीमती सुजाता देवी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत किशनपुर प्रखंड के पंचायत दुवियाही के ग्राम-दुवियाही, दिघिया, बेलागोठ, बेगमगंज, सिसवा का राजीव गाँधी विद्युतीकरण योजनान्तर्गत विद्युतीकरण नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँवों को विद्युतीकृत करने का विचार रखती है ?

--------

तार भूमिगत करना

*1637. श्री अख्तरूल इस्लाम शाहिन--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत प्रखंड समस्तीपुर के पंचायत मोहनपुर में अवस्थित पावर ग्रिड का हाइटेंशन विद्युत् तार मोहनपुर, आदर्शनगर, सोनवर्षा, धरमपुर के सघन आबादी होकर गुजरता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि हाईटेंशन तार अक्सर गलकर गिर जाता है जिसके कारण जान-माल का भारी नुकसान होता है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त हाइटेंशन विद्युत् तार को भूमिगत करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सुविधा उपलब्ध कराना

*1638. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के केसरिया प्रखंड में अवस्थित ढेकहा मठ अति प्राचीन एवं सिद्धपीठ है जिसका दर्शन करने एवं देखने के लिये देश एवं विदेश से काफी संख्या में पर्यटक यहाँ आते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि बाहर से आने वाले पर्यटकों के लिये कोई सुविधा नहीं रहने से उन्हें काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो ढेकहा मठ के पास पर्यटकों को रहने एवं अन्य पर्यटकीय सुविधा उपलब्ध कराने का सरकार कबतक विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

औचित्य बतलाना

*1639. श्री अजीत शर्मा--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के पावरलूम बुनकरों के लिये बिजली बिल पर 4 रू० प्रति युनिट अनुदान देने की घोषणा 12 सितम्बर, 2014 को सरकार द्वारा भागलपुर प्रवास के दौरान किया गया है, किन्तु अभीतक पावरलूम बुनकरों को बिजली के बिल पर अनुदान नहीं दिया जा रहा है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---

कम्पनी को दंडित करना

*1640. श्री सुरेश कुमार शर्मा--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला में विद्युत् आपूर्ति की जिम्मेदारी सरकार द्वारा एस्सेल विद्युत् वितरण कम्पनी लिमिटेड को दी गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वितरक कम्पनी द्वारा मनमाने ढंग से गलत बिल बनाकर उपभोक्ता को भेज दी जाती है तथा बिल सुधार के क्रम में उपभोक्ता का शोषण किया जाता है ;

(3) क्या यह बात सही है कि इस क्रम में कम्पनी के कर्मचारी द्वारा उपभोक्ता के साथ मारपीट की घटना पिछले महीने की गई है ;

(4) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में कम्पनी को इस सम्बन्ध में दंडित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

लाइट लगाना

*1641. श्रीमती ज्योति रश्मि--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला अन्तर्गत डिहरी प्रखण्ड अकोढीगोला में विद्युत् सप्लाई करने के लिये लगाये गये पोल के अर्थिंग में सटने से पशु और मनुष्य बराबर मरते रहे हैं तथा प्रत्येक पोल पर लाइट की व्यवस्था भी नहीं की गई है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त दुर्घटना से बचाव एवं विद्युत् पोल पर लाइट लगाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

प्रतिनियुक्त कराना

*1642. डॉ0 इजहार अहमद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बिरौल अनुमंडल में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का उद्‌घाटन वर्ष 2014 में माननीय मुख्य मंत्री, बिहार, पटना द्वारा किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पताल में उद्‌घाटन के पश्चात् आजतक 6 स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स, ए-ग्रेड नर्स एवं अल्ट्रासाउन्ड मशीन, पारा मेडिकल स्टॉफ आदि की व्यवस्था नहीं होने के कारण मरीजों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खण्ड (2) में वर्णित तथ्यों के आलोक में कबतक स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स आदि की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

उपलब्ध कराना

*1643. श्री अजीत शर्मा—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के सदर अस्पताल में चिकित्सक के 25 पद स्वीकृत है जिसमें 5 चिकित्सक कार्यरत है तथा आपातकालीन सेवा उपलब्ध नहीं है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल के रिक्त पदों पर चिकित्सक पदस्थापित करते हुए आपातकालीन सेवा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युतीकरण करना

*1644. श्री रामेश्वर प्रसाद—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राजीव गाँधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना अन्तर्गत वर्ष 2012 तक सभी गाँवों को विद्युतीकरण का लक्ष्य रखा गया था परन्तु रोहतास जिला के नोखा विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत नोखा राजपुर, प्रखण्ड एवं नासरीगंज के सभी गाँवों का अभीतक विद्युतीकरण नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---

सूर्य सर्किट से जोड़ना

*1645. श्री अरुण मांझी—क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2009 से पटना जिला के मसौढ़ी प्रखण्ड के तारेगना में सूर्य सर्किट की योजना सरकार के पास विचाराधीन है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पटना जिले के मसौढ़ी (तारेगना) स्थित आर्यभट्ट की वेधशाला एवं मणिचक सूर्य मंदिर पौराणिक मंदिरों के रूप में धरोहर है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार मणिचक सूर्य मंदिर को सूर्य सर्किट से जोड़ने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

चालू करना

*1646. श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालंदा जिला के इस्लामपुर रेफरल अस्पताल दस वर्षों से बंद है तथा स्थानीय विधायक द्वारा कई पत्र लिखने के बावजूद अभीतक कोई कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे स्थानीय जनता को ईलाज कराने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इस्लामपुर स्थित 30 शय्या वाले रेफरल अस्पताल को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

शुरू कराना

*1647. <u>श्रीमती गुलजार देवी</u>--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पिछले साल के बाढ़ में मधुबनी जिला के मधेपुर प्रखण्ड के गढ़गाँव पंचायत में 500 परिवार विस्थापित हुये थे, जिसकी सूची पंचायत अनुश्रवण समिति में अनुश्रवण करके भिन्न-भिन्न तिथियों को अंचलाधिकारी, मधेपुर को सौंपा गया था, परन्तु अभीतक एक भी परिवार को सहायता उपलब्ध नहीं करायी गयी है, यदि हाँ, तो सरकार विस्थापित परिवारों को कबतक राहत शुरू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----

आपूर्ति करना

*1648. <u>श्री रामसूरत राय</u>--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार द्वारा अस्पतालों में 105 प्रकार की दवाइयों की आपूर्ति करने का प्रावधान किया गया है जबकि औराई विधान-सभा क्षेत्रान्तर्गत औराई एवं कटरा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सहित सभी अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा उप-केन्द्रों पर मरीजों को मात्र 20 से 25 प्रकार की ही दवाई उपलब्ध करायी जा रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित अस्पतालों में 105 प्रकार की दवाइयों की आपूर्ति कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

निर्माण पूरा कराना

1649. <u>श्रीमती नीता चौधरी</u>--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के संग्रामपुर प्रखंड अन्तर्गत संग्रामपुर पावर सब-स्टेशन का निर्माण कार्य वर्ष 2010 में प्रारंभ हुआ ;

(2) क्या यह बात सही है कि 5 वर्ष बीत जाने के बाद भी पावर सब-स्टेशन का निर्माण कार्य लंबित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पावर सब-स्टेशन का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

कार्रवाई करना

*1650. <u>श्रीमती गुड्डी देवी</u>--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिलाधिकारी, सीतामढ़ी के पत्रांक 2454, दिनांक 29 सितम्बर, 2014 द्वारा सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को सिविल सर्जन, सीतामढ़ी के विरुद्ध कार्रवाई करते हुये स्थानांतरित करने हेतु पत्र लिखा गया है, किन्तु अभीतक उक्त संबंध में कार्रवाई नहीं हुई है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

आपूर्ति करना

*1651. श्रीमती रजिया खातून--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के कल्याणपुर प्रखंड स्थित शीतलपुर पंचायत के ग्राम-सीरसा पट्टी, रायटोला, बाड़ाडीह, हनुमानगंज, शीतलपुर मवेशी मेला चौका से डाहरा बस्ती में ट्रॉसफॉर्मर, पोल, तार एवं अन्य विद्युत् सामग्रियों की आपूर्ति नहीं होने से विद्युत् संबंधन कार्य बाधित है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार वर्णित ग्रामों में ट्रॉसफॉर्मर, तार, पोल एवं अन्य सामग्रियों की आपूर्ति कर विद्युत् लाइन पहुँचाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

भवन निर्माण करना

*1652. श्री मंजीत कुमार सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2009-10 में राज्य के 100 भवनहीन अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन चिकित्सक एवं कर्मचारी आवास निर्माण हेतु 53 करोड़ 15 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति सरकार के संयुक्त सचिव, स्वास्थ्य विभाग द्वारा सं०सं० 10/अति० 9-10/2007, 12 (10) व, दिनांक 18 दिसम्बर, 2009 द्वारा दी गई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2010-11 में राज्य के 100 भवनहीन अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन निर्माण हेतु सरकार के संयुक्त सचिव, स्वास्थ्य विभाग पत्रांक सं०सं० 10/अति० 9-10/2007-06, (10) व, दिनांक 6 जुलाई, 2010 द्वारा 23 करोड़ 85 लाख 3 हजार 9 सौ रुपये का भवन निर्माण हेतु राज्य स्वास्थ्य समिति को आवंटित की गई थी ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो अबतक राशि आवंटन के बावजूद भी अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन निर्माण नहीं कराने का औचित्य क्या है ?

-------

चालू करना

*1653. श्री सतीश कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के राघोपुर प्रखण्डान्तर्गत ग्राम-जफराबाद एवं बहरामपुर में सांसद फंड से अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन बनकर तैयार है किन्तु अभीतक चालू नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक इसे चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

लाभ पहुँचाना

*1654. श्रीमती पूनम देवी यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत गोगरी अनुमंडल के मैरा पंचायत के लक्ष्मिनिया गाँव में वर्ष 1980 में स्वास्थ्य उप-केन्द्र का निर्माण हुआ था जो जर्जर हो गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जर्जर भवन के कारण चिकित्सक, नर्स, मेडिकल स्टॉफ स्वास्थ्य उप-केन्द्र पर नहीं पहुँचते हैं जिसके कारण आमजन का महेशखूँट 10 कि०मी० एवं चौथम 13 कि०मी० जाकर इलाज कराना पड़ता है, जिससे काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र का भवन निर्माण एवं चिकित्सक उपलब्ध कराकर आमजन को लाभ पहुँचाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*1655. डॉ॰ अच्युतानन्द--दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 25 फरवरी, 2015 के अंक में छपी खबर ''सरकारी अस्पतालों में भेजी 108 घटिया दवाएँ'' शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2013-14 में राज्य के पटना, बेगूसराय, गया, मोतिहारी, मधुबनी, कटिहार, सुपौल, दरभंगा, मुजफ्फरपुर एवं छपरा आदि कई सरकारी अस्पतालों में 12 दवा कम्पनियों द्वारा सरकारी मानकों से कम स्तर की दवाओं की आपूर्ति की गई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य के औषधि नियंत्रक ने दवाओं के घटिया होने की पुष्टि की है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार घटिया दवाओं की आपूर्ति करने वाली कम्पनियों पर कौन-सी कार्रवाई कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्युतीकरण करना

*1656. श्री अब्दुस सुबहान--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत बायसी प्रखंड के पंचायत धनगामा, पुरानागंज एवं सुगुवा में अबतक ग्रामीण विद्युतीकरण का कार्य किसी भी योजना से नहीं होने के कारण 30 हजार लोग अबतक अंधकार में जी रहे हैं, यदि हाँ, तो वर्णित ग्राम पंचायतों में विद्युतीकरण हेतु सरकार कौन-सी कार्रवाई कबतक करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्थापित करना

*1657. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत पकरीबरावाँ प्रखंड के ग्राम-बुधौली के 10 कि॰मी॰ की परिधि में स्वास्थ्य केन्द्र नहीं है, जिससे ग्राम-बुधौली, दिऔरा, रजवरिया, बिशनपुर, तारा बिगहा, तरहरा, भुरहा, अटारी, भलुआ इत्यादि ग्रामों के नागरिकों को इलाज करवाने में काफी परेशानी होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार ग्राम-बुधौली में एक अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र/स्वास्थ्य उप-केन्द्र स्थापित करवाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

वितरण करना

*1658. श्री राम प्रवेश राय--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2014 में आयी भयंकर बाढ़ में गोपालगंज जिलान्तर्गत मांझा अंचल का निमुइयाँ, भैसही एवं मौसियाँ पंचायत के कई ग्राम बुरी तरह प्रभावित हुये थे ;

(2) क्या यह बात सही है कि अंचल पदाधिकारी, मांझा द्वारा अपने पत्रांक 574, दिनांक 26 अगस्त, 2014 के माध्यम से समाहर्ता, गोपालगंज से उन पंचायतों एवं प्रभावित ग्रामों में राहत कार्य चलाने की अनुशंसा की गई थी, किन्तु इन क्षेत्रों में राहत सामग्री का वितरण नहीं किया गया, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---

ट्रांसफॉर्मर लगाना

*1659. श्री बिभाषचन्द्र चौधरी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत समेली प्रखंड के समेली गाँव में सुनील चौक का ट्रांसफॉर्मर एक माह पूर्व से जला हुआ है, फलस्वरूप विद्युत् आपूर्ति बन्द है ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपरोक्त स्थान पर जले हुये ट्रांसफॉर्मर को बदलकर नया 100 के०भी०ए० का ट्रांसफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सुविधा बहाल करना

*1660. श्रीमती ज्योति रश्मि--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत डिहरी अनुमंडलीय अस्पताल में सर्जरी की सुविधा बहाल नहीं है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है तथा सरकार कबतक इसकी व्यवस्था का विचार रखती है ?

---

विद्युतीकरण कराना

*1661. श्री रामचन्द्र सदा--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत अलौली प्रखंड के मेघौना, छिलकौड़ी एवं गोरियामी पंचायतों में अभीतक राजीव गाँधी विद्युतीकरण का कार्य नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पंचायतों में विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण कराना

*1662. श्री संजय सिंह ''टाईगर''--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत उदवन्तनगर प्रखंड के छोटो सासाराम ग्राम में स्वास्थ्य उप-केन्द्र का भवन निर्माण कार्य वर्ष 1990 में प्रारम्भ किया गया जो अभीतक अधूरा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त ग्राम के स्वास्थ्य उप-केन्द्र के भवन निर्माण कार्य कबतक पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण कराना

*1663. श्री श्याम बिहारी राम--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत रोहतास गढ़ किला, शेरगढ़ का किला, गुप्ता धाम, चौरासन शिव मंदिर एवं शेखबह बल का मजार रोहतास की पहाड़ियों पर अवस्थित है;

(2) क्या यह बात सही है कि इन पर्यटन स्थलों पर जाने के लिये सड़क नहीं है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इन पर्यटन स्थलों तक सड़क का निर्माण कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

निर्माण कराना

*1664. श्री राम सेवक सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के प्रखंड उचकागाँव ग्राम पंचायत राज उचकागाँव, जमसड, त्रिलोकपुर, बलेसरा, लुहसी, साखे खास, साखे रामदास, बैरिया दुर्गा, दहिभाता, हरपुर आदि पंचायतों के आस-पास विद्युत् सब-स्टेशन नहीं है, जिससे उपरोक्त पंचायतों में लो भोल्टेज की समस्या बनी रहती है;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपरोक्त पंचायतों के बीच विद्युत् सब-स्टेशन का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*1665. श्री प्रमोद कुमार--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के मोतिहारी शहर के विद्युतीकरण हेतु वर्ष 2011-12 में मे०ए०टू० जेड कम्पनी को टेंडर दिया गया था जिसे दिसम्बर, 2014 तक कार्य पूर्ण करना था किन्तु उक्त कार्य अभी भी अधूरा है, यदि हाँ, तो इसके लिये दोषी पर सरकार क्या कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

आपूर्ति करना

*1666. श्री शालिग्राम यादव--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के हरलाखी विधान-सभा क्षेत्रान्तर्गत मधवापुर प्रखंड स्थित बिशनपुर गाँव (दक्षिणवारी टोल) में विद्युत् ट्रांसफॉर्मर जल जाने से विगत 6 माह से विद्युत् की आपूर्ति ग्रामीण जनता को नहीं हो पा रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक नया ट्रांसफॉर्मर लगाकर ग्रामीण जनता को विद्युत् आपूर्ति करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*1667. डॉ० अच्युतानन्द--दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 18 फरवरी, 2015 के अंक में छपी खबर ''राज्य में नहीं बढ़ रहा बच्चों में रूटीन टीकाकरण'' शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में विगत तीन वर्षों से रूटीन टीकाकरण की दर 70 फीसदी से नीचे रही है;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य के सरकारी अस्पतालों में उपकरणों, टीका तथा कार्यकर्ताओं की कमी एवं कमजोर एवं गरीब तबकों में टीकाकरण के प्रति जागरूकता की कमी के कारण टीकाकरण अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में विफल है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार राज्य में टीकाकरण को 100 प्रतिशत के लक्ष्य तक पहुँचाने के लिये कौन-सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

भवन बनाना

*1668. श्रीमती पूनम देवी यादव--हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 10 जनवरी, 2015 को छपी खबर ''प्राइवेट भवन में चल रहा अस्पताल'' की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुये क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत चौथम प्रखंड में 3 अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र संचालित हो रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र मलपा सामुदायिक भवन में अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र सोनवर्षा, पी० डब्लू०डी० के परित्यक्त भवन में तथा अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र, दुठी मोहनपुर, किराये के भवन में संचालित हो रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में तीनों अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र को अपना भूमि एवं भवन बनाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

स्थापित करना

*1669. श्री कृष्णनन्दन यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के अतरी प्रखंड के ग्राम-इमलियाचक एवं इसके आस-पास के दर्जनों गाँव के मरीजों को अतरी प्रखंड मुख्यालय में इलाज करना पड़ता है;

(2) क्या यह बात सही है कि इमलियाचक एवं आस-पास ग्रामीणों को प्राथमिक उपचार हेतु 15 कि०मी० दूर जाना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ग्राम-इमलियाचक में मरीजों के उपचार हेतु 30 बेड का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*1670. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनसाही प्रखंड अन्तर्गत डुमरिया बिसनपुर मौजा अड़मरा टोला में 130 उपभोक्ताओं ने 2 वर्ष पहले कनेक्शन के लिये राशि जमा की है, लेकिन अबतक उनको न तो कनेक्शन दिया गया है और न ही इस संबंध में कोई अग्रतर कार्रवाई की गयी है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

स्थापना करना

*1671. श्री अशोक कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत शिवाजीनगर प्रखण्ड में भटौर पंचायत के भटौरा मध्य में स्वा0 उप-केन्द्र की स्थापना नहीं की जा सकी, जिससे स्थानीय रोगियों को कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना का विचार रखती है ?

----------

नलकूप चालू करना

*1672. श्री दिनेश कुमार सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के जगदीशपुर विधान-सभा क्षेत्र के बरनाव, कुसुमा, कहेर, मैदापुर, मनेया सहित 100 गाँव में निजी नलकूप है लेकिन बिजली के अभाव में नलकूप चालू नहीं है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

----------

तार-पोल बदलना

*1673. श्री अमन कुमार--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के पीरपैंती प्रखण्ड के ग्राम-किसमी चक में तार एवं पोल काफी जर्जर अवस्था में है जो प्राय: टूटकर गिर जाता है, जिससे दुर्घटना होती रहती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उपरोक्त स्थान पर तार एवं पोल बदलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

निर्माण कराना

*1674. डॉ0 अनिल कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत टिकारी प्रखण्ड के कुसाप, कुसापी, कुतलुपुर, बरसिन्हा, डिहुरा एवं कोंच प्रखण्ड अन्तर्गत शाहगंज, मुरेरा, खबरा स्थित उप-स्वास्थ्य केन्द्र वर्ष 2006 से स्वीकृत है किन्तु इसके भवन का निर्माण नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्रों के भवनों का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

चालू कराना

*1675. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत हलसी प्रखण्ड के कैन्दी ग्राम के निकट विद्युत् पावर ग्रिड का निर्माण किया गया है, परन्तु चालू नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

-----------

सुविधा प्रदान करना

*1676. श्री अशोक कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के वारिसनगर प्रखण्ड के डरमुर ग्राम में जमीन उपलब्ध रहने के उपरान्त भी अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना अबतक नहीं की गई है, यदि हाँ, तो क्या सरकार जनहित में यहाँ अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित कराकर यथाशीघ्र लोगों को चिकित्सा सुविधा प्रदान कराने का विचार रखती है ?

-----------

स्थापित करना

*1677. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत पकरीबरावाँ प्रखण्ड के ग्राम-ज्युरी के 10 कि०मी० की परिधि में स्वास्थ्य केन्द्र नहीं है जिससे ग्राम-ज्युरी, पुरानी ज्युरी, बेगराजपुर, अकौना, तथा अड़सनिया इत्यादि ग्रामों के नागरिकों को इलाज करवाने में काफी परेशानी होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार ग्राम-ज्युरी में एक अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र/स्वास्थ्य उप-केन्द्र स्थापित करवाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

एम्बुलेंस उपलब्ध कराना

*1678. श्री मुजाहिद आलम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के कोचाधामन प्रखण्ड स्थित पी०एच०सी० में एक ही एम्बुलेंस है जो पिछले छः माह से खराब है, यदि हाँ, तो क्या सरकार कोचाधामन पी०एचसी० में एक और एम्बुलेंस उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*1679. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालंदा जिला में अनुमंडल स्तर पर अनुश्रवण समिति का गठन विगत दो वर्ष पूर्व हुआ है, लेकिन आजतक योजनाओं की समीक्षा हेतु एक भी बैठक आहूत नहीं की गई है, जिससे योजनाओं की समीक्षा नहीं हो पायी है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है तथा इसमें लापरवाही बरतने वाले संबंधित पदाधिकारी पर सरकार कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

तार बदलना

*1680. श्री आलोक रंजन--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला के कहरा प्रखंड अंतर्गत कहरा गाँव, पड़री गाँव, चैनपुर एवं बनगाँव सहित सभी गाँव में पूर्व में लगे विद्युत तारों की स्थिति अत्यंत ही जर्जर है जिस कारण विद्युत आपूर्ति बाधित एवं दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँवों के विद्युत तार कबतक बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

उपाय करना

*1681. श्री रामेश्वर प्रसाद--दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 24 मार्च, 2015 के अंक में छपी खबर "रोज 250 नवजातों की होती है मौत" शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प्रदेश में हर साल 27 लाख बच्चे जन्म लेते हैं, जिनमें एक लाख की मौत हो जाती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार बच्चों को बचाने के कौन-सा उपाय करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*1682. श्रीमती देवंती देवी--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत नरपतगंज प्रखण्ड के चौराहा से मध्य विद्यालय बेला तक पथ का निर्माण कार्य वर्ष 2013 में हुआ है, जो अत्यंत जर्जर हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार इसकी जाँच कराकर दोषी पर कार्रवाई का विचार रखती है ?

तीन फेज लाइन लगाना

*1683. श्री कुमार शैलेन्द्र : क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत बिहपुर प्रखंड के मड़वा पूरब पंचायत के वार्ड नं० 2, यादव टोला में 100 से ज्यादा विद्युत् उपभोक्ता हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि वार्ड नं० 2, यादव टोला में बिजली का एक ही फेज लाइन गया हुआ है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ग्राम में बिजली का तीन फेज लाइन लगाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

तार एवं पोल लगाना

*1684. श्री कुमार शैलेन्द्र : क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत बिहपुर प्रखंड के मड़वा पूरब पंचायत के ग्राम-हिरदीचक, वार्ड नं० 3, यादव टोला में 100 से ज्यादा विद्युत् उपभोक्ता हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि ग्राम-हिरदीचक, वार्ड नं० 3 में बिजली का तार एवं पोल नहीं है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ग्राम में बिजली का तार एवं पोल लगाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

ट्रांसफॉर्मर लगाना

*1685. श्री प्रमोद कुमार--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण के जिला योजना विभाग के पत्रांक 1012, दिनांक 24 सितम्बर, 2014 द्वारा 16 ट्रांसफॉर्मर, पत्रांक 216, दिनांक 29 जनवरी, 2014 द्वारा 25 ट्रांसफॉर्मर, पत्रांक 335, दिनांक 13 फरवरी, 2014 द्वारा 12 ट्रांसफॉर्मर, पत्रांक 752, दिनांक 18 जुलाई, 2014 द्वारा 12 ट्रांसफॉर्मर, पत्रांक 741, दिनांक 30 जुलाई, 2014 द्वारा एक ट्रांसफॉर्मर अधिष्ठापन हेतु मुख्य मंत्री विधायक क्षेत्र विकास योजना से राशि प्रदान कर दिया गया है किन्तु अबतक 32 (बत्तीस) ट्रांसफॉर्मर नहीं लगे हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक अनुशंसित ट्रांसफॉर्मर लगवाने का विचार रखती है ?

---------

कनेक्शन देना

*1686. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनसाही प्रखंड अन्तर्गत छोटी बथना महादलित टोला में 30 महादलित विद्युत् उपभोक्ता हैं, लेकिन उन्हें विद्युत् कनेक्शन नहीं दिया गया है, जबकि सारी औपचारिकताएँ पूरी की जा चुकी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उस गाँव से करीब 200 मीटर पर ट्रांसफॉर्मर लगे हुये हैं और वहाँ से इस गाँव तक पोल भी गाड़ जा चुके हैं, केवल तार लगाकर विद्युत् आपूर्ति देने की आवश्यकता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वर्णित स्थान पर बिजली कनेक्शन कबतक देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण कराना

*1687. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत फुलपरास प्रखण्ड अन्तर्गत अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सिजौलिया के भवन निर्माण का कार्य पिछले 7 वर्षों से लम्बित है तथा घोघरडीहा प्रखण्ड अन्तर्गत अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, खोंपा, ब्रह्मपुर, चिकना एवं छजना भवनहीन है जिससे चिकित्सा व्यवस्था बाधित है;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक सिजौलिया में अधूरे भवन का निर्माण कार्य पूर्ण कराने एवं उक्त भवनहीन अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्रों का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

औचित्य बतलाना

*1688. श्री ललन राम--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला में राजीव गाँधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना अन्तर्गत देव प्रखण्ड के ग्राम-बेढ़ना एवं अन्य गाँवों का विद्युतीकरण नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---

उपाय करना

*1689. श्री अरूण शंकर प्रसाद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि आई०जी०आई०एम०एस०, पटना में चिकित्सा एवं चिकित्सकों की सुविधा की कमी के कारण पचास से अधिक चिकित्सकों ने अन्यत्र सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से एन०ओ०सी० के लिये आवेदन दिया है, यदि हाँ, तो सरकार चिकित्सकों के पलायन को रोकने हेतु कौन-सा उपाय कबतक करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भुगतान करना

*1690. श्री प्रेम कुमार--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में प्रकाशित शीर्षक ''सात माह से डॉक्टरों को मानदेय नहीं, आक्रोश'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के नालन्दा मेडिकल कॉलेज के जूनियर डॉक्टरों को वर्ष 2014 में पिछले सात माह का स्टाईपेंड नहीं मिला है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है तथा सरकार कबतक उक्त बकाया स्टाईपेंड दिलाते हुये नियमित स्टाईपेंड के भुगतान का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

---

उत्क्रमित करना

*1691. श्री सत्यदेव नारायण आर्य--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के बिहारशरीफ प्रखण्ड के ग्राम-छबिलापुर उप-स्वास्थ्य केन्द्र एवं बेलछीशरीफ उप-स्वास्थ्य केन्द्र तथा गिरियक प्रखण्ड के घोसरावाँ स्वास्थ्य उप-केन्द्र में मरीजों की संख्या के अनुपात में पर्याप्त स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध नहीं है, जिससे प्राथमिक उपचार और चिकित्सा हेतु महिला, वृद्ध एवं बच्चों को काफी कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त उप-स्वास्थ्य केन्द्रों को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*1692. श्री रत्नेश सादा--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सोनवर्षा प्रखण्ड में वर्ष 2008 में कुसहा त्रासदि आने के बाद सरकार ने कोसी पुनर्निर्माण योजना के तहत सोनवर्षा में आवास का निर्माण कराया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि सोनवर्षा प्रखण्ड के हरैथ, पतरघट प्रखण्ड के धबौली पश्चिमी, धबौली दक्षिणी, पामा, परलवार एवं विशुनपुर के ग्रामीण उक्त योजना के अन्तर्गत निर्मित आवासों से वंचित रह गये थे जिसके कारण उन्हें आज भी खुले आसमान के नीचे सोने को विवश हैं;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त पीड़ित परिवारों को कबतक आवास उपलब्ध कराने एवं इसके लिये दोषी पर कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

---

कार्रवाई करना

*1693. श्री आलोक रंजन--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला के सदर अस्पताल में दवाइयों की अनुपलब्धता के कारण मरीजों को अधिक दाम पर बाहर से दवाई खरीदना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उसकी जाँच कराकर दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

चालू करना

*1694. श्रीमती सुनीता सिंह--हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 29 मार्च, 2015 को प्रकाशित शीर्षक ''तरियानी, छपरा रेफरल अस्पताल बना खण्डहर'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि शिवहर जिलान्तर्गत तरियानी प्रखण्ड के तरियानी, छपरा रेफरल अस्पताल लाखों की लागत से बना था जो अब जर्जर एवं खण्डहर बन गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पताल में 7 वर्षों से चिकित्सा कार्य भी बंद है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का जीर्णोद्धार कराते हुये चिकित्सा कार्य चालू कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

क्रियान्वयन करना

*1695. श्रीमती (प्रो०) उषा सिन्हा--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला में दिनांक 20 मार्च, 2014 को जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में 102 एम्बुलेंस के सफल क्रियान्वयन के लिये चालक को 7,000 रु० एवं ई०एम०टी० को 7,500 रु० पारिश्रमिक के साथ निर्बाध सेवा पर 1,000 रु० बोनस एवं मोबाईल हेतु चालक एवं ई०एम०टी० को प्रतिमाह 200 रु० देने का निर्णय लिया गया है, परन्तु नियुक्त चालक एवं ई०एम०टी० को जनवरी, 2015 से दैनिक मजदूरी के रूप में 225 रु०, ड्राईवर एवं 273 रु० ई०एम०टी० को दिया जा रहा है जबकि पटना, नवादा, गया, जहानाबाद सहित राज्य के सभी जिला में ई०एम०टी० का वेतन 7,500 रु० एवं 1,000 रु० बोनस दिया जा रहा है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार नालन्दा जिला में एम्बुलेंस सेवा के क्रियान्वयन के क्रम में ई०एम०टी० एवं चालकों का पारिश्रमिक वेतन एवं बोनस राज्य के अन्य जिलों के अनुसार देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

कार्रवाई करना

*1696. श्री पवन कुमार जायसवाल--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 9 जनवरी, 2015 को प्रकाशित शीर्षक "घटिया खून बिक रहा है ऊँचे दामों पर" को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सूबे में लाइसेन्सी ब्लड बैंक में गरीब एवं नशेबाजों के खून की खरीदारी करने के साथ ही बिना जाँच किये मरीजों को खून बेच दिया जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पटना स्थित शशि ब्लड बैंक के अलावा सूबे में अनेकों ब्लड बैंक ऐसे हैं जो खून का काला कारोबार करने के साथ ही निजी नर्सिंग होम वाले ब्लड बैंक कर्मी से साँठ-गाँठ कर स्वैच्छिक रक्तदान करने वालों को मिलने वाले भोलेन्टरी कार्ड का दुरूपयोग भी करते हैं ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सभी लाइसेन्सी ब्लड बैंकों की जाँच कराकर दोषी ब्लड बैंकों का लाइसेन्स रद्द करने तथा दोषी कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

उत्क्रमित करना

*1697. श्री सतीश कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बिदुपुर, हाजीपुर, महनार मुख्य पथ पर अवस्थित है जो 30 बेड के सामुदायिक अस्पताल बनने के सभी शर्तों को पूरा करता है ;

(2) यदि खंड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बिदुपुर को 30 बेड के सामुदायिक अस्पताल में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

बैठक आहूत करना

*1698. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत अस्थावाँ प्रखण्ड मुख्यालय में स्थित अस्थावाँ रेफरल अस्पताल में रोगी कल्याण समिति के गठन के पश्चात् विगत दो वर्षों में एक भी बैठक आहूत नहीं होने के कारण वहाँ के रोगियों को दी जानेवाली दवा, भोजन आदि की समुचित समीक्षा नहीं हो पाती है, जिससे रोगियों को दी जानेवाली सुविधा की पारदर्शिता स्पष्ट नहीं हो पा रही है, यदि हाँ, तो इसके लिये दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई करते हुये क्या सरकार रोगी कल्याण समिति की समुचित बैठक आहूत करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बेडों की संख्या बढ़ना

*1699. श्री राम सेवक सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के नगर पंचायत, मीरगंज में अवस्थित स्वास्थ्य उप-केन्द्र, मीरगंज में मरीजों की संख्या अधिक है, परन्तु बेडों की संख्या कम है जिससे मरीजों को केन्द्र पर रखने में काफी कठिनाई हो रही है ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपरोक्त केन्द्र पर बेडों की संख्या बढ़ाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

जीर्णोद्धार करना

*1700. श्रीमती नीता चौधरी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के असरगंज प्रखंड अन्तर्गत पंचायत बैजलपुर के ग्राम-चाखण्ड में उप-स्वास्थ्य केन्द्र भवन की स्थिति काफी जर्जर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त उप-स्वास्थ्य केन्द्र का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

कार्रवाई करना

*1701. श्री राम प्रवेश राय--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2012-13 तथा 2013-14 में प्रश्नकर्ता विधायक द्वारा मुख्य मंत्री क्षेत्र विकास योजना की राशि से गोपालगंज जिला के मांझा और बरौली प्रखण्डों के चार दर्जन ग्रामों में विद्युतीकरण करने हेतु तार-पोल एवं ट्रांसफार्मर लगाने की अनुशंसा की गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि योजना स्वीकृति मिलने और राशि आवंटन के बावजूद अभीतक इन ग्रामों का विद्युतीकरण कार्य नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रश्नकर्ता विधायक द्वारा अनुशंसित ग्रामों को शीघ्र विद्युतीकृत करने तथा विलम्ब के लिये जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

प्रा०स्वा०केन्द्र का दर्जा देना

*1702. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत बड़हिया प्रखण्ड के सदाय बिघा गाँव में अतिरिक्त उप-स्वास्थ्य केन्द्र लगभग 25 वर्षों से संचालित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सदाय बिघा अतिरिक्त उप-स्वास्थ्य केन्द्र में टाल क्षेत्र के दर्जनों गाँव के महिलायें, बच्चे एवं वृद्ध अपना इलाज करने पहुँचते हैं ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल को उत्क्रमित कर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का दर्जा देने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

ट्रॉंसफॉर्मर बदलना

*1703. श्री मंजीत कुमार सिंह--दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 17 अक्टूबर, 2014 को प्रकाशित खबर ''बिजली कम्पनी बदलेगी 15 हजार टुल्लू ट्रॉंसफॉर्मर'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि 10वीं एवं 11वीं पंचवर्षीय योजना में राजीव गाँधी विद्युतीकरण योजना के तहत् कम क्षमता वाले 10, 16, 25 और 40 किलोवाट क्षमता का टुल्लू ट्रॉंसफॉर्मर को चालू वित्तीय वर्ष 2014-15 में 333 करोड़ खर्च कर बदलने का निर्णय लिया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि नार्थ पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी के अधीन 9,661ट्रॉंसफॉर्मर को बदलने का निर्णय लिया गया था इस मद में चालू वित्तीय वर्ष में 17 करोड़ की राशि आवंटित की गई तथा साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लि० को 5,161 ट्रॉंसफॉर्मर बदलने का निर्णय लिया गया, जिसमें 116 करोड़ की राशि आवंटित की गई है, जिसमें अबतक कार्य भी प्रारंभ नहीं हो सका है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो कबतक सरकार 14,822 ट्रॉंसफॉर्मर बदलने का विचार रखती है ?

--------

स्थापना करना

*1704. श्री सत्यदेव नारायण आर्य--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत राजगीर अनुमंडल को स्थापना हुये लगभग 20 वर्ष हो गये लेकिन अभीतक वहाँ अनुमंडलस्तरीय व्यवहार न्यायालय नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार राजगीर अनुमंडल में व्यवहार न्यायालय की स्थापना करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

आपूर्ति करना

*1705. श्री बृज किशोर सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मोतीपुर प्रखंड के भगुरहाँ, ताजपुर पंचायत के ताजपुर महादलित बस्ती (मुसहर टोली) में पोल के अभाव में बिजली 5 वर्षों से नहीं पहुँच रही है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त गाँव में पोल लगाकर बिजली की आपूर्ति करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

व्यवस्था करना

*1706. श्री दुर्गा प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत उजियारपुर प्रखंड के चाँदचौर मध्य पंचायत के चपता, मखनिया टोला में स्थित बी०पी०एल० परिवारों को आजतक राजीव गाँधी विद्युत् योजना के तहत् विद्युत् आपूर्ति की व्यवस्था नहीं की गई है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँव में राजीव गाँधी विद्युत् योजना के तहत् विद्युत् आपूर्ति की व्यवस्था करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

स्वा० केन्द्र खोलना

*1707. श्री प्रेम रंजन पटेल--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत सुर्यगढ़ा प्रखंड के वंशीपुर (मेदनी चौकी) में वर्ष 2007-08 में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने की स्वीकृति प्रदान की गयी थी, जो अभीतक नहीं खोला गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्वास्थ्य केन्द्र खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सुविधा उपलब्ध कराना

*1708. श्री मुजाहिद आलम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज सदर अस्पताल में सी०टी० स्कैन एवं डायलाइसिस की सुविधा नहीं रहने के कारण गरीब मरीजों को बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार किशनगंज सदर अस्पताल में सी०टी० स्कैन एवं डायलाइसिस की सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*1709. श्री अरुण शंकर प्रसाद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत 30 बेड का जिला होमियो अस्पताल सौराठ, सभागाछी, मधुबनी दिनांक 22 फरवरी, 1979 से संचालित हो रहा है जिसका अपना भवन एवं भूमि उपलब्ध है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 1991 ई० में तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री ने आदेश सं० 108/91 के द्वारा उक्त अस्पताल को अधिग्रहण करने का आश्वासन दिया था परन्तु अभीतक कोई कार्रवाई नहीं की जा सकी है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

--------

भवन बनाना

*1710. श्री अम्बिका सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत दुर्गावती प्रखंड के चेहरिया स्वास्थ्य उप-केन्द्र की स्थापना बहुत पहले की गयी है परंतु आजतक उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र में भवन का निर्माण कार्य नहीं कराया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र हेतु जमीन उपलब्ध है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंड के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र का भवन बनाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

विद्युतीकरण करना

*1711. श्री प्रेम रंजन पटेल--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला के चानन प्रखंड के भंडार, गोपालपुर, बहादुरपुर, जगुआजोर सहित दर्जनों गाँवों का विद्युतीकरण अभीतक नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो वर्ष 2011 में सभी गाँवों का विद्युतीकरण कराने की घोषणा के आलोक में इन वंचित गाँवों का विद्युतीकरण हेतु सरकार की क्या योजना है ?

---

बिजली पहुँचाना

*1712. श्री बृज किशोर सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मोतीपुर प्रखंड के गैसपुर, पहाड़चक, गोपीनाथपुर पंचायत के भुजरी ठीकहाँ गाँवों में आजतक बिजली नहीं पहुँची है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त गाँवों में बिजली पहुँचाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युतीकरण करना

*1713. श्री कृष्णानन्दन यादव--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के खिजर सराय प्रखंड के ग्राम-रसलपुर, अगडीहा, खसियावाद, लड़किया आदि ग्रामों में राजीव गाँधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के तहत विद्युतीकरण नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त गाँवों में विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युत आपूर्ति करना

*1714. श्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत बड़हरा पावर सब-स्टेशन को सरैया से विद्युत् आपूर्ति की जा रही है जबकि कोईलवर से विद्युत् आपूर्ति हेतु सीधी लाइन दो वर्ष पूर्व ही प्रस्तावित है, यदि हाँ, तो कबतक सरकार बड़हरा पावर सब-स्टेशन को कोईलवर से विद्युत् आपूर्ति करने का विचार रखती है ?

---

पटना:
दिनांक 17 अप्रील, 2015 (ई०) ।

हरेराम मुखिया,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा ।

बि०स०मु०(एल०ए०), 46--डी०टी०पी०--450